# सड़कों की दुर्दशा की समीक्षा, डीएम ने मांगी प्राथमिकता सूची

**पीएमजीएसवाई की जर्जर सड़कों की मरम्मत को 48 करोड़ की जरूरत, प्रशासन ने तेजी से कार्रवाई के आदेश दिए क्षतिग्रस्त मार्गों की अद्यतन रिपोर्ट तैयार**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के अंतर्गत बनायी गई सड़कों की मरम्मत, पेचवर्क और गड्ढा मुक्त अभियान की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। उन्होंने जनपद के सभी एसडीएम से अपने-अपने क्षेत्र की क्षतिग्रस्त ग्रामीण सड़कों की स्थिति का अद्यतन ब्यौरा लिया और स्पष्ट निर्देश दिए कि सबसे खराब हालत में पहुंच चुकी सड़कों की प्राथमिकता सूची तत्काल उपलब्ध कराई जाए, ताकि मरम्मत कार्य समयबद्ध तरीके से आगे बढ़ सके।

बैठक के दौरान अधीक्षण अभियंता पीएमजीएसवाई अरुण कुमार नेगी ने जानकारी दी कि जिले में पीएमजीएसवाई की जर्जर सड़कों को दुरुस्त करने के लिए करीब 48 करोड़ रुपये की आवश्यकता होगी। इस पर जिलाधिकारी ने कहा कि पहले चरण में उन सड़कों को चुना जाए जो ग्रामीण क्षेत्रों के लिए सबसे महत्वपूर्ण हैं और जहां आवागमन की समस्या गंभीर रूप ले चुकी है। एसडीएम द्वारा जिन मार्गों को अत्यधिक प्राथमिकता दी गई, उनमें घनसाली-तिलवाड़ा-मूयालगांव मोटर मार्ग, घुत्तू-गवाणा मार्ग, पालीभाली, सांदणा, लसेर, कंडियाल गांव-रैका, स्यालगी-कुरेदी, मौगी-मसराज, मरोड़ा-बनाली, कुण्ड, रिंगालगाड़, संतेगल, बागवाणा-जामणीखाल, तेगगड़-आचरी खूंट, सुपाणाधारी, डागर-कोठार समेत कई महत्वपूर्ण मार्ग शामिल हैं, जिन पर आमजन की आवाजाही निर्भर करती है।

इसी क्रम में लोक निर्माण विभाग ने भी जिले के अन्य महत्वपूर्ण मोटर मार्गों की वर्तमान स्थिति से जिलाधिकारी को अवगत कराया। इनमें चम्बा ब्लॉक रोड, गुल्डी रोड, नगरपालिका टिहरी के अंतर्गत लगभग 12 किलोमीटर लंबा मार्ग, पिल्खी-बनचूरी, सुलीयाधार, जोगीयाड़ा-घानसाली, जाख-डोबरा-भल्डियाना, पीपलडाली पुल से आगे केंद्रीय विद्यालय सौड़खांड मार्ग, खम्बाखाल, रतौली-जाखणीधार से गडोली तोक से कांडाढांगी, ठेलाथाती-गदेरा, मैण्डखाल-ज्वारना, कोटगाड़-मैण्डखाल, नवागांव, कस्तल, शिवपुरी-तिमली-गजा तथा गुल्लर-गजा-समण जैसे कई मार्ग शामिल रहे, जिनकी हालत लंबे समय से खराब बताई गई।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी विभाग अपनी-अपनी प्राथमिकता सूची जल्द प्रस्तुत करें, ताकि आवश्यक वित्तीय स्वीकृति और तकनीकी प्रक्रियाएँ समय पर पूरी की जा सकें। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कें केवल आवागमन का साधन ही नहीं हैं, बल्कि स्वास्थ्य, शिक्षा और स्थानीय अर्थव्यवस्था की जीवनरेखा भी हैं, इसलिए इनकी मरम्मत में किसी भी प्रकार की देरी जनहित के खिलाफ होगी।

इस महत्वपूर्ण बैठक में एडीएम ए.के. सिंह, अधीक्षण अभियंता लोनिवि के.एस. नेगी, एसडीएम स्नेहिल कुंवर सिंह, संदीप कुमार, मंजू राजपूत, नीलू चावला, आशीष घिल्डियाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी भौतिक तथा वर्चुअल माध्यम से उपस्थित रहे।

# टिहरी में प्लास्टिक मुक्त अभियान तेज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** नगर में मंगलवार को जिला प्रशासन की महत्त्वपूर्ण बैठक जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें पूरे जनपद को प्लास्टिक मुक्त बनाने और स्वच्छता को नई दिशा देने के व्यापक कार्यक्रमों की समीक्षा की गई।

बैठक में स्वच्छ पर्यावरण और सतत पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु प्रशासन ने एक नई मुहिम की घोषणा की, जिसके तहत जिले के पर्यटन विभाग द्वारा विशेष इको बैग तैयार किए गए हैं। ये बैग नगर पालिका, नगर पंचायत और जिला पंचायत के माध्यम से क्षेत्र के सभी होटल और होमस्टे संचालकों को उपलब्ध कराए जाएंगे, ताकि उन्हें पर्यटकों के बीच प्लास्टिक के उपयोग को रोकने में मदद मिल सके।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि होटल और होमस्टे संचालक पर्यटकों को इको बैग उपलब्ध कराते हुए उनसे प्लास्टिक कैरी बैग वापस करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अब होटलों में स्वच्छता मानकों को मजबूत करने के लिए ग्रीन रेटिंग सिस्टम लागू किया जाएगा, जिससे स्वच्छता को लेकर प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी और पर्यटन सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार होगा। इसके लिए नगर निकायों को अपने-अपने क्षेत्रों में होटल एसोसिएशन और होमस्टे संचालकों के साथ नियमित बैठकें करने और होटलों के रिसेप्शन क्षेत्रों में जन जागरूकता पोस्टर लगाने के निर्देश दिए गए।

# प्रदेश सरकार हर वर्ग के विकास के लिए कर रही कार्य : जोशी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** प्रदेश के कृषि, ग्रामीण विकास एंव सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि प्रदेश सरकार हर वर्ग के विकास के लिए तत्परता से काम कर रही है। कहा कि प्रदेश की धामी सरकार ने जो फैसले लिए है वह मील का पत्थर साबित हो रहे हैं। उन्होने कहा कि प्रदेश सरकार सरकारी नौकरी मे भर्ती हेतु सख्त नकल विरोधी कानून लाई, वहीं प्रदेश में दंगा न हो इसके लिए भी सरकार दंगा विरोध कानून लाई। यूसीसी लागू करने वाला उत्तराखण्ड देश का पहला राज्य बन गया है। कहा कि धामी सरकार ने बडी संख्या में युवओं को रोजगार देने

का कार्य किया है, अभी तक 26 हजार युवाओ की भर्ती सरकार द्वारा की जा चुकी है। बुधवार को



जीएनवीएन गेस्ट हाउस में पत्रकारों से वार्ता करते हुए कैबिनेट मंत्री

गणेश जोशी ने कहा कि धामी सरकार प्रदेश के चौमुखी विकास में लगी हुई है। सरकार को हर वर्ग की चिंता है। सब का साथ सबका विकास के मंत्र को लेकर कार्य किया जा रहा है। जोशी ने कहा कि कृषि के क्षेत्र में भी प्रदेश तेजी से विकास कर रहा है। ऑर्गेनिक खेती में प्रदेश देश के शीर्ष राज्य बन गया है। कृषि को बढावा देने हेतु अनेक योजनओं को धरातल में उतारा जा रहा है।

# सरदार पटेल के आदर्शों पर काम कर रही सरकार: महाराज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पौड़ी** (चौबट्टाखाल)। स्वतंत्र भारत के प्रथम गृह मंत्री लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल का राष्ट्र के एकीकरण में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में उनके आदर्शों पर चलकर प्रदेश में सभी वर्गों के सर्वांगीण विकास एवं उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

यह बात प्रदेश पर्यटन, लोक निर्माण, सिंचाई, पंचायतीराज, ग्रामीण निर्माण, जलागम, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक सतपाल महाराज ने बुधवार को अपने विधानसभा क्षेत्र तहसील चौबट्टाखाल में लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के पर आयोजित यूनिटी मार्च के समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि अपने संबोधन में कही।



**सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर यूनिटी मार्च का आयोजन, बाघ के हमले में मारी गई रानी देवी के परिजनों से भी की मुलाकात**

उन्होंने कहा कि पूरे देश में जगह-जगह लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर भव्य आयोजन किए जा रहे हैं। उत्तराखण्ड में भी जगह-जगह कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जा रही है। इसी कड़ी में भारतीय जनता पार्टी चौबट्टाखाल द्वारा यूनिटी मार्च का शुभारंभ नौगांवखाल से होकर समापन तहसील चौबट्टाखाल में किया गया है।

कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश नैथानी, जिला महामंत्री महिपाल नेगी, पूर्व ब्लाक प्रमुख नीरज पांथरी, सर्वेंद्र, शैलेश दर्शन, नरेंद्र डंडरियाल, वेद प्रकाश वर्मा, प्रभु शरण बुडाकोटी, गणेश रावत, देवेंद्र भट्ट, सुरेंद्र बिष्ट, सीमा सजवान सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता एवं क्षेत्रीय जनता मौजूद थी।

कार्यक्रम के बाद कैबिनेट मंत्री एवं चौबट्टाखाल विधायक सतपाल महाराज ने बाघ के हमले में मारी गई विकासखंड पोखडा, बगड़ीगाड निवासी रानी देवी पत्नी रमेशचंद्र के परिजनों से मुलाकात कर मृतक के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए पीड़ित परिवार की हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

# गर्भवती की रास्ते में मौत, डीएम ने की जांच समिति गठित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** डीएम नितिका खण्डेलवाल ने सामुदायिक चिकित्सा केन्द्र बेलेश्वर से रेफर की गई गर्भवती महिला की रास्ते में हुई आकस्मिक मौत को गंभीरता से लेते हुए तत्काल जांच समिति गठित कर दी है। घनसाली क्षेत्र के ग्राम श्रीकोट चमियाला निवासी गर्भवती नीतू देवी पत्नी दीपक पंवार को मंगलवार को परिजन गंभीर अवस्था में उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बेलेश्वर लेकर पहुंचे थे। चिकित्सकों द्वारा स्थिति नाजुक देखते हुए नीतू को उच्च चिकित्सा सुविधा के लिए रेफर कर दिया गया, लेकिन रेफरल के कुछ समय

**बेलेश्वर सीएचसी से रेफर गर्भवती की आकस्मिक मृत्यु पर प्रशासन सख्त**
**एसडीएम घनसाली करेंगे जांच**
**राहत के अभाव में गई जान? जिला प्रशासन ने संवेदनशील मामले में त्वरित कार्रवाई शुरू की**

बाद ही उसकी रास्ते में दर्दनाक मृत्यु हो गई।

घटना ने पूरे क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता और आपातकालीन चिकित्सा प्रणाली को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। मामले की संवे. दनशीलता को देखते हुए डीएम नितिका खण्डेलवाल ने उप जिलाधिकारी घनसाली की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय जांच समिति गठित कर दी है। समिति को निर्देश दिए गए हैं कि पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच की जाएकृचिकित्सालय में क्या उपचार उपलब्ध कराया गया, रेफर किए जाने की स्थिति क्या थी, एम्बुलेंस व्यवस्था और चिकित्सकीय निर्णयों में कोई चूक तो नहीं हुई इन सभी पहलुओं की बारीकी से जांच कर तीन दिन के भीतर विस्तृत जांच आख्या प्रस्तुत की जाए।

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जांच रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। स्थानीय लोगों का कहना है कि दूरस्थ पहाड़ी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी और रेफरल के दौरान लंबी दूरी का सफर अक्सर मरीजों के जीवन के लिए जोखिम भरा साबित होता है। प्रशासन की इस त्वरित कार्रवाई से लोगों में उम्मीद जगी है कि मामले की सच्चाई सामने आएगी और स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे।

# पुलिस ने दो नाबालिगों को बरामद कर एक युवक किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** : पुलिस ने अलग-अलग मामलों में दो गुमशुदा नाबालिगों को बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। उक्त मामले में पुलिस ने थराली चमोली निवासी एक युवक को भी गिरफ्तार किया है।

बता दें कि 29 अक्टूबर को थाना पुरोला पर एक की तहरीर पर एक नाबालिक (16 वर्षीय) का घर से स्कूल के लिए जाना तथा वापस घर न आने के सम्बन्ध में गुमशुदगी मामला दर्ज किया गया था।

वहीं थाना धरासू पर दिनांक 15 नवंबर को परिजनों की तहरीर के आधार पर एक नाबालिगा की गुमशुदगी का मामला दर्ज हुआ था। पुलिस अधीक्षक उत्तरकाशी के दिशा-निर्देशन में थाना धरासू व पुरोला पुलिस द्वारा गुमशुदाओं की तलाश हेतु पुलिस टीम गठित कर टैक्निकल सहयोग लेते हुये पुरोला क्षेत्र से गुमशुदा नाबालिग को कल एटा उत्तर- प्रदेश से सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया गया।

वहीं धरासू क्षेत्र से गुमशुदा नाबा. लिग, अपहृता को थाना धरासू पुलिस की टीम द्वारा कल थराली, चमोली से बरामद किया गया है। उक्त मामले में पुलिस द्वारा थराली चमोली निवासी एक युवक को भी गिरफ्तार किया गया है।

# भाजपा व कांग्रेस आमने-सामने मतदान केन्द्रों में अवकाश घोषित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** रुद्रप्रयाग जिला पंचायत के बजीरा वार्ड पर आज उप चुनाव होगा। उप चुनाव में भाजपा व कांग्रेस के बीच सीधी टक्कर है। उपचुनाव में भले ही कम समय मिला हो, लेकिन दोनों पार्टियों ने यहां पूरी ताक झोंक दी। भाजपा ने यहां पूर्व में संपंन हुये चुनाव में दूसरे नंबर पर रही नीता बुटोला तो कांग्रेस ने नीलम बुटोला को समर्थन दिया है। वहीं बजीरा वार्ड के अंतर्गत जिन भी विद्यालयों में चुनाव प्रक्रिया संपंन होगी, उनमें आज अवकाश रहेगा। पोलिंग पार्टियां भी मतदान स्थल पर पहुंच चुकी हैं।

दरअसल, बजीरा जिला पंचायत सीट पर विजय पाने वाली बिमला बुटोला देवी का कुछ समय पहले आकस्मिक निधन हो गया था। जिसके बाद यह सीट खाली हो गई थी। रुद्रप्रयाग जिला पंचायत में 18 सीटें हैं और बजीरा वार्ड को ओबीसी आरक्षित किया गया है।

# लंबित जन समस्याओं पर सख्ती, सीडीओ ने विभागों से मांगी रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जिलाधिकारी के निर्देशों के तहत मुख्य विकास अधिकारी वरूणा अग्रवाल ने विभिन्न विभागों में लंबित जन समस्याओं और उनसे संबंधित समाचारों की अद्यतन स्थिति की गहन समीक्षा की। बैठक का उद्देश्य जिले में प्रकाशित जन शिकायतों पर तत्काल और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करना रहा, ताकि आम नागरिकों की समस्याओं का निपटारा समयबद्ध ढंग से हो सके और सरकारी कार्यप्रणाली की जवाब. देही भी बनी रहे।

मुख्य विकास अधिकारी ने बैठक में लोक निर्माण विभाग, शिक्षा, स्वास्थ्य, राष्ट्रीय राजमार्ग, पुनर्वास विभाग, दूरसंचार तथा ग्रामीण निर्माण विभाग के स्तर पर लंबित पड़ी समस्याओं और हाल के समाचारों में प्रकाशित जन मुद्दों की क्रमवार जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देश दिया कि जिन विभागों से कार्यवाही रिपोर्ट अब तक उपलब्ध नहीं कराई गई है, वे आज शाम पांच बजे तक अनिवार्य रूप से अपनी-अपनी रिपोर्ट जिला सूचना कार्यालय को भेज दें। उन्होंने कहा कि जन समस्याओं से जुड़े समाचार केवल सूचना के माध्यम नहीं हैं, बल्कि प्रशासन के लिए चेतावनी संकेत भी हैं कि समय रहते कार्रवाई की जाए और जनता का भरोसा कायम रखा जाए।

सीडीओ ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि जिन विभागों में किसी शिकायत पर ठोस कार्रवाई हो चुकी है, उसकी विस्तृत जानकारी सहित साक्ष्य रिपोर्ट में शामिल किए जाएँ। वहीं जिन मुद्दों पर कार्य प्रगति पर है, उनकी वर्तमान स्थिति स्पष्ट रूप से अंकित की जाए और भविष्य की कार्ययोजना भी रिपोर्ट में जोड़ी जाए। उन्होंने विभागीय समन्वय को बेहतर बनाने और महत्वपूर्ण मामलों को प्राथमिकता से निपटाने के लिए भी अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने यह भी कहा कि जन समस्याओं पर कार्रवाई की गति बढ़ाना और पारदर्शिता सुनिश्चित करना प्रशासन की सर्वोच्च जिम्मेदारी है।

बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी श्याम विजय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी भौतिक और वर्चुअल दोनों माध्यमों से उपस्थित रहे। सभी विभागों को निर्देशित किया गया कि भविष्य में जन समस्याओं से संबंधित किसी भी समाचार पर तत्काल प्रतिक्रिया देते हुए कार्यवाही रिपोर्ट समय पर उपलब्ध कराई जाए, ताकि जिला प्रशासन जनता की अपेक्षाओं पर प्रभावी ढंग से खरा उतर सके।

# पहाड़ों में भालू हुए बवाली, शीत निंद्रा पर जाने के स्वभाव में आया बदलाव

**भालू के हिंसक सवाभ की वाइल्ड लाइफ एक्सपर्ट करेंगे अध्ययन : बलूनी**

**चिरंजीव सेमवाल**

**उत्तरकाशी :** उत्तराखंड के हर पहाड़ी जिलों में भालुओं के शीतनिद्रा (ीपइमतदंजपवद) का चक्र बाधित होता होने से उनकी आक्रामकता बढ़ रही है।

आलाम यह है कि भालुओं ने अब अपनी शीतनिंद्रा पर जाने के स्वभाव को ही बदल दिया है। येही वजह रही कि पहाड़ों के लिए भालुओं का ये बदला हुआ व्यवहार बेहद खतरनाक हो गया है। प्रभागीय वनाधिकारी उत्तरकाशी डीपी बलूनी का कहना है कि भालू अपने सामान्य स्वभाव को बदल रहे हैं और इस बार और अधिक हाइपरष हो रहें हैं। इसका एक कारण मौसम में आ रहे बदलाव भी हो सकता इससे से भालुओं के सौभाव में भी खलल पड़ रहा है जिससे भालू लगातार हिंसक हो रहें हैं। उन्होंने बताया कि आमतौर पर अक्टूबर माह में बर्फबारी हो जाती थी।जिससे भालू सुरक्षित गुफा की तलाश करते थे और उसी में बच्चों को जन्म देते थे। डीएफओ बताते हैं कि जिस समय भालुओं को शीत निद्रा में होना चाहिए, उस समय भालू आबादी क्षेत्रों में मंडरा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आमतौर पर शीतनिंद्रा पर जाने वाले भालुओं की सक्रियता 12 महीने दिखाई दे रही है। भालू शीतकाल के दौरान भी लोगों पर हमला कर रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि भालुओं के हमले प्रदेश में किसी भी वन्यजीव के मुकाबले सबसे ज्यादा रिकॉर्ड हो रहे हैं। हिमालय में रहने वाले काले भालू सर्दियों में लंबे समय तक नींद में रहते हैं। यह एक तरह से अपनी ऊर्जा को बचाने के लिए ऐसा करते हैं। यही वजह है कि सर्दियों में लोग भालुओं की परवाह नहीं करते रहे हैं। वन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक अब स्थिति बदली है।

प्रभागीय वनाधिकारी उत्तरकाशी डीपी बलूनी ने बताया कि इसके जानने के लिए वाइल्ड लाइफ विशेषज्ञों को पत्र लिखा है।

**जिले में अलग अलग स्थानों पर नौ हमले हुए भालू के**

इधर जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी उत्तरकाशी शार्दुल गुसाईं ने बताया कि जनपद में स्थानीय लोगों एं पशुओं पर भालू के हमले में अब तक नौ घटनाएं हो चुकी है।

1. **26 अक्टूबर 2025** स्थान आँगी के जंगल में, तहसील भटवाड़ी के ग्राम ओंगी के जंगल में समय श्रीगती विनिता राणा पत्नी सतेन्दर सिंह राणा, उम्र 36 वर्ष पर अचानक भालु द्वारा हमला किया गया, जो भयभीत होकर नहाड़ी ओर भागी, जिस कारण महिला की पहाड़ी से गिरकर मृत्यु हुई है।

2. **31 अक्टूबर 2025** थुनारा के पास, ग्राम थुनारा में समय लगभग प्रात: 09:00 बजे श्री दूज पुत्र लाल बहादुर पर भालु द्वारा हमला किया गया है। जो घायल हुआ है।

3. **6 नवबंर .2025**ग्राम हीना के जंगल में समय लगभग प्रात: 11:53 बजे श्रीमती अम्बिका पत्नी सतेन्दर अस्वाल उम्र 24 वर्ष पर अचानक भालु द्वारा हमला किया गया, जो भयभीत होकर पहाडी ओर भागी, जिस कारण महिला की पहाड़ी से गिरकर मृत्यु हुई है।

**4.11नवबंर 2025**

प्वालिया नाम तोक, तहसील भटवाड़ी ग्राम सेकु की श्रीमती प्यारदेई पत्नी श्री रणवीर सिंह, उम्र 65 वर्ष पर समय लगभग सांय 03:30 बजे अचानक भालु द्वारा हमला कर गम्भीर रूप से घायल लिया गया। जिसे जिला चिकित्सालय में प्राथमिक उपचार देने के पश्चात हायर रोन्टर रेफर किया गया।

**5.14 नवंबर 2025**

ग्राम भंकोली में क्यारे नामें तोक, तहसील भटवाड़ो में श्री सूरत सिंह पुत्र गुलाब सिंह की 08 भेड़, 02 व्करी को भालु द्वारा मारा गया तथा 04 बकरियों को घायल किया गया।

6. **17 नवंबर** ग्राम मंगलपुर नामें तोक, तहसील भटवाड़ी में नेपाली मूल के 02 व्यक्तियों (1-श्री दिनकस शाही पुत्र श्री अर्जन शाही 2- मुकेश शाही पुत्र कालिका) पर भालु द्वारा हमला कर सामान्य घायल किया गया है।

7. **16 नवंबर 2025** ग्राम मंगलपुर नामें तोक, तहसील भटवाड़ी में नेपाली मूल के 02 व्यक्तियों (1-श्री दिनकस शाही पुत्र श्री अर्जन शाही 2- मुकेश शाही पुत्र कालिका) पर भालु द्वारा हमला कर सामान्य घायल किया गया है।

8.**17 नवंबर 2025** ग्राम गणेशपुर में समय लगभग अपरान्ह 02:00 बजे श्रीमती सबलदेई पत्नी श्री पूर्ण सिंह, उम्र-54 वर्ष, जो भालु को देखकर भयभीत होकर अचानक गिरकर घायल हुई है।

9 **सात नवंबर** को ग्राम मस्ताड़ी के मुस्टिक सौड़ मोटर मार्ग पर स्थान मंजुल पानी के पास समय लगभग सांय 06:40 बजे श्री सोनपाल सिंह पुत्र श्री धनसिंह, उम्र 41 वर्ष, निवासी ग्राम मस्ताडी पर अचानक तेंदुए द्वारा हमला कर घायल किया गया है।

## एक नजर .......

### धूमधाम से मनाया गया पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का जन्मदिवस

**कोटद्वार।** देश की पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न इन्दिरा गांधी का जन्मदिवस कांग्रेसजनों द्वारा धूमधाम से मनाया गया। बुधवार को बद्रीनाथ मार्ग स्थित कार्यालय मे कांग्रेसजनों द्वारा उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रृद्धांजलि अर्पित की गई ।इस अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री एडवोकेट जसबीर राणा ने कहा कि इन्दिरा गांधी जी के दृढ संकल्प, अदम्य साहस, दूर दर्शिता एवं कठोर निर्णयों के कारण विश्व में लौह महिला के नाम से जानी जाती हैं ।उन्होने पाकिस्तान, चीन व देश के अलगाववाद को सबक ही नहीं सिखाया बल्कि पाकिस्तान के दो टुकडे कर दुनिया का भूगोल बदल दिया था। श्रीमति गांधी को बैंकों के निजीकरण, हरित क्रान्ति, शिक्षा, रोजगार, गरीबी उन्मूलन, सार्वजनिक उपक्रमों की स्थापना के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य किया जिससे देश उन्हें सदैव याद रखेगा। इस अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री एडवोकेट जसबीर राणा, युवा कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष मनोज रावत, विधि प्रकोष्ठ अध्यक्ष आशुतोष कण्डवाल, एडवोकेट रजनीश रावत, नगर कांग्रेस के पूर्व महासचिव अरविंद चौधरी, कृष्णा भारद्वाज, जावेद अहमद, विनोद शर्मा, महेन्द्र सिह ,मनुदेवरानी आदि शामिल थे।

### चिल्लरखाल मोटर मार्ग मामले पर सुप्रीम कोर्ट से जल्द आदेश मिलने की उम्मीद

**कोटद्वार।** लंबे समय से लंबित लाल ढांग-चिल्लरखाल मोटर मार्ग के निर्माण को लेकर बुधवार को उत्तराखंड बेरोजगार संघ के प्रदेश अध्यक्ष राम कंडवाल ने सचिव वन एवं पर्यावरण तथा मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव आरके सुधांशु से सचिवालय में मुलाकात की। इस दौरान प्रमुख सचिव ने आश्वासन दिया कि वन विभाग इस महत्वपूर्ण सड़क के निर्माण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और सुप्रीम कोर्ट में मजबूत पैरवी की जा रही है। सुधांशु ने बताया कि वन विभाग ने लालढांग-चिल्लरखाल मोटर मार्ग के पक्ष में सुप्रीम कोर्ट में इंटरवेंशन एप्लीकेशन दाखिल कर रखी है तथा बुधवार 19 नवंबर भी इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई निर्धारित है। कहा कि मामले से जुड़ी लगभग सभी अड़चनें दूर कर ली गई हैं और अब केवल सुप्रीम कोर्ट के अंतिम आद. `श का इंतजार है। आदेश मिलते ही मार्ग का निर्माण कार्य तत्काल शुरू कर दिया जाएगा। प्रमुख सचिव ने यह भी बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी स्वयं इस मार्ग के मामले पर लगातार नजर रखे हुए हैं और सुप्रीम कोर्ट की हर सुनवाई की जानकारी रखते हैं।

### अलकनंदा नदी में बही महिला का शव बरामद

**श्रीनगर।** कोतवाली श्रीनगर क्षेत्रांतर्गत जनासू के पास अलकनंदा नदी तट से एसडीआरएफ की टीम ने एक महिला का शव बरामद किया है। शव कि शिनाख्त महिला के पति ने की। बताते चले कि बीते 4 नवम्बर को कीर्तिनगर ढुंढप्रयाग घाट में ग्राम जबरौली पौड़ी से 15 लोग पूजा पाठ करने पहुंचे थे। इसी दौरान स्नान करते हुए एक महिला अलकनंदा नदी के तेज बहाव में बह गयी थी। महिला को बचाने के लिए उसी गांव के एक पुरूष ने भी झलांग लगा दी थी। जिसके बाद से दोनों ही अलकनंदा नदी के तेज बहाव बह गये थे। हालंकि पुरूष का शव बीते 13 नवम्बर को विद्याकोटी मंदिर के नीचे मिले था। कीर्तिनगर कोतवाली के वरिष्ठ उपनिरीक्षक केएल आर्य ने बताया कि श्रीनगर स्थित जनासू के पास महिला का शव बरामद हुआ है। बताया कि महिला की पहचान आशा देवी (40) पत्नी गजपाल सिंह गुसांई, निवासी जबरोली पौड़ी गढ़वाल के रूप में हुई है। बताया कि शव का पंचायतनामा कि कार्यवाही कि जा रही है।

### कार्डियो ओपीडी में 40 मरीजों को मिला डाक्टरी परामर्श

**श्रीनगर।** मेडिकल कॉलेज के बेस अस्पताल में बुधवार को कार्डियो ओपीडी संचालित की गई। जिसमें 40 मरीजों का कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. संदीप मालविया द्वारा चेकअप कर आवश्यक दवा एंव परामर्श दिया गया। जबकि तीन मरीजों की हार्ट संबंधित दिक्कत अधिक होने पर एंजियोग्राफी के लिए कोरोनेशन अस्पताल देहरादून बुलाया गया। प्राचार्य डॉ आशुतोष सयाना ने भी ओपीडी का निरीक्षण कर ओपीडी में आवश्यक सभी सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश अस्पताल प्रशासन को दिए। प्राचार्य ने ट्रेडमिल टेस्ट (टीएमटी) मशीन को भी शीघ्र संचालित करने के लिए भी मशीनों से संबंधित रखरखाव विभाग को निर्देश दिए। कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. संदीप मालविया ने बताया कि ओपीडी और आईपीडी के 40 के लगभग मरीजों को देखा गया। जिसमें 20 लोगों के मौके पर इको किए गये। कहा कि तीन मरीजों को एंजियोग्राफी के लिए कोरोनेशन अस्पताल दून बुलाया गया है।

### केदारघाटी के ग्रामीण रास्तों मे पसरा अंधेरा

**रुद्रप्रयाग।** गांवों में जगह-जगह सोलर लाइटें तो लगी हुई हैं, लेकिन रख-रखाव न होने के कारण यह लाइटें खराब हो गई हैं और गांवों के रास्तों और आबादी वाले क्षेत्रों में अंधेरा पसरा हुआ है। जिस कारण गांवों में इन दिनों जंगली जानवरों का खतरा बना हुआ है। केदारघाटी के कई गांवों में लगी सोलर लाइटों का रख रखाव न होने से बंद पड़ी हुई हैं। न्याय पंचायत क्षेत्र फाटा के अधिकांश गांवों में विभिन्न योजनाओं के तहत लगी सोलर लाइट रख रखाव न होने से खराब हो गई हैं। इन लाइटों का कोई भी विभाग संज्ञान नहीं ले रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि गांवों में रात्रि के छ बजे के बाद ही जंगली भालू और सुअरों का भय बना हुआ है। गांवों में पैदल रास्तों पर कतिपय स्थानों पर पथ प्रकाश खराब होने से ग्रामीण आवागमन करने से डरने लगे हैं। व्यापारी अतुल जमलोकी ने बताया कि गांवों के साथ ही बाजारों में लगी सोलर लाइट खराब पड़ी हुई हैं, कोई भी विभाग इनकी सुध नहीं ले रहा है। उन्होंने बताया कि गांवों में ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत, जिला पंचायत एवं अन्य योजनाओं के तहत पथ प्रकाश की व्यवस्था की गई हैं, लेकिन इनका रख रखाव कभी नहीं होने से आज कई लाइटें खराब हैं या फिर बंद पड़ी हुई हैं। न्यालसू निवासी संदीप रावत ने बताया कि शीतकाल में केदारघाटी के पड़ावों में सूनापन बना रहता है। रात्रि होते ही जंगली जानवर भी आबादी क्षेत्रों की ओर आने लगते हैं। जिससे आवागमन करने में भय बना रहता है। उन्होंने शासन-प्रशासन से गांवों एवं बाजारों में लगी सोलर लाइटों की सुध लेने की मांग की है।

## हर्रावाला में सुरक्षा दिवार का लोकार्पण

**देहरादून( शाह टाइम्स )।** स्वच्छता और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत हर्रावाला मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी में कचरा प्रबंधन वाहन, फर्श निर्माण कार्य और सुरक्षा दिवार का लोकार्पण किया गया। यह पहल एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट लिमिटेड के सीएसआर सहयोग से सम्पन्न हुई। कार्यक्रम में राजत ग्रोवर समीर सक्सेना ( रीजनल हेड, उत्तराखंड) और निशांत बांगेरा ( सीएसआर हेड) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस एमआरएफ का संचालन वेस्ट वॉरियर्स संस्था द्वारा किया जा रहा है, जो देहरादून सहित हिमालयी क्षेत्रों में कचरा प्रबंधन को सुदृढ़ बनाने के लिए कार्यरत है। इस अवसर पर श्री राजत ग्रोवर ने कहा कि "हर्रावाला एमआरएफ में दिखाई देने वाला बदलाव प्रेरणादायक है। यह न केवल कचरे के बेहतर प्रबंधन का उदाहरण है बल्कि स्थानीय सफाई साथियों के लिए आजीविका का माध्यम भी बन रहा है। कार्यक्रम में वेस्ट वॉरियर्स संस्था से नवीन कुमार सडाना, सुरज अग्रवाल, मनीष शर्मा, सतेन्द्र व आकाश उपस्थित रहे।

# मुंबई में ऐश कर रहा फरार नशा तस्कर

## थाना पटेलनगर पुलिस की लापरवाही पर एसपी सिटी हुए सख्त!




मयूर गुप्ता

**देहरादून।** उत्तराखण्ड की राजधानी देहरादून की पटेलनगर पुलिस की कार्यशैली पर एक बार फिर सवाल उठने लगे हैं। एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज गंभीर मुकदमे में फरार चल रहा कुख्यात नशा तस्कर अजीम हुसैन उत्तर प्रदेश के भमौरा थाने का हिस्ट्रीशीटर बदमाश बताया जा रहा है, जो इन दिनों मायानगरी मुंबई में ऐशो-आराम की जिंदगी बिता रहा है। जबकि देहरादून पुलिस के पास उसके ठिकाने की पुख्ता जानकारी होने के बावजूद भी उसे पकड़ने की कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही।

### एसपी सिटी ने पत्र लिखकर जताई कड़ी नाराजगी

**देहरादून।** पटेलनगर कोतवाली पुलिस की ढिलाई पर पुलिस अधीक्षक नगर प्रमोद कुमार ने तीखी आपत्ति दर्ज कराई है। उन्होंने 29 अक्टूबर 2025 को अपने पत्र (पत्रांक संख्या वाचक-पु0अ0न0-एसआर-निर्देश/2025) के माध्यम से विवेचक उपनिरीक्षक दीनदयाल को प्रभारी निरीक्षक पटेलनगर के जरिए कड़े शब्दों में निर्देश जारी किए हैं। पत्र में उन्होंने उल्लेख किया कि मुकदमा संख्या 717/2024, धारा 8/21/29 एनडीपीएस एक्ट में आरोपी तालिब खान के खिलाफ तो 28 मार्च 2025 को आरोप पत्र दाखिल कर दिया गया, लेकिन इस मामले में शामिल मुख्य आरोपी अजीम हुसैन के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई।

### पुलिस महकमे में मचा हड़कंप

**देहरादून।** एसपी सिटी के इस कड़े पत्र के बाद पटेलनगर कोतवाली में हड़कंप मचा हुआ है। अब देखना यह होगा कि क्या विवेचक और कोतवाली पुलिस सचमुच सक्रिय होकर मुंबई में फरार अजीम हुसैन को गिरफ्तार कर पाएगी, या यह मामला भी फाइलों में दबा रह जाएगा।

### दस माह से फरार, फिर भी पुलिस खामोश

**देहरादून।** एसपी सिटी ने लिखा कि मुकदमा दर्ज हुए दस माह से अधिक समय बीत चुका है, बावजूद इसके फरार आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी, जो "अति आपत्तिजनक" है। उन्होंने आदेश दिया कि विवेचक आरोपी के मोबाइल की कॉल डिटेल रिपोर्ट निकालें, एसओजी की सहायता से उसकी गिरफ्तारी सुनिश्चित करें, और उसके बैंक खातों से जुड़े मोबाइल नंबरों की जानकारी भी जुटाएं। पत्र लिखे जाने के बाद पुलिस प्रशासन में हलचल मच गई है, जानकारों का कहना है, कि इस प्रकार के कई मामले और भी हैं, जिनमें लापरवाही की जा रही है।

### एनबीडब्ल्यू व वित्तीय जांच के आदेश

**देहरादून।** एसपी सिटी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि आरोपी के खिलाफ एनबीडब्ल्यू एवं धारा 84/85 बीएनएसएस की कार्रवाई की जाए। साथ ही, धारा 57(ए) एनडीपीएस एक्ट के तहत वित्तीय विवेचना रिपोर्ट तैयार कर नई दिल्ली भेजी जाए, ताकि आरोपी के अवैध नेटवर्क पर आर्थिक प्रहार किया जा सके। संपत्तियों की जब्ती की तैयारी प्रमोद कुमार ने अपने पत्र में आगे यह भी कहा कि आरोपी द्वारा अर्जित की गई संपत्तियों की जानकारी जुटाकर धारा 68ई और 68एफ के अंतर्गत कार्रवाई की जाए।

## पुलिस व डाक्टरों की संयुक्त टीम ने किया निजी शिक्षण संस्थानों में औचक निरीक्षण

- रेन्डमली 10 छात्रों का लिया गया ब्लड सैम्पल 45 छात्रों की मेडिकल जांच की

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** मुख्यमंत्री उत्तराखंड के ड्रग्स फ्री देवभूमि के विजन को साकार करने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशों पर दून पुलिस द्वारा सम्पूर्ण जनपद में ड्रग्स फ्री कैम्पस अभियान चलाया जा रहा है।

उक्त अभियान के तहत थाना प्रेमनगर क्षेत्रान्तर्गत शिक्षण सस्थांनो में पडने वाले सभी छात्र छात्रों से उनका ड्रग्स टेस्ट कराये जाने को कान्सर्ट फार्म/शपथ पत्र भराये गये थे। जिसके क्रम मे बुधवार को पुलिस व डाक्टरों की सयुक्त टीम के द्वारा प्रेमनगर थाना क्षेत्रान्तर्गत स्थित एक निजी शिक्षण सस्थांन में औचक निरीक्षण किया गया। संस्थान में अध्ययनरत छात्रों में से रेन्डमली 10 छात्रों के टेस्ट हेतु ब्लड सेम्पल लिए गए, साथ ही 45 छात्रो का मेडिकल टेस्ट भी कार्यवाया गया।

दून पुलिस द्वारा नशे मे लिप्त छात्र-छात्रो का कडा संदेश दिया गया है कि यदि कोई भी छात्र-छात्रा किसी भी प्रकार के नशे का सेवन करता पाया जाता है, तो उसके विरूद्व कडी कार्यवाही की जायेगी। अभियान में शिक्षण संस्थाान में मौजूद अन्य छात्र छात्रो को नशे से दूर रहने तथा नशे की दुष्प्रणाम की जानकारी दी गयी। अभियान के क्रम में अन्य शिक्षण संस्थानो में भी औचक निरीक्षण की तैयारी की जा रही है। इससे पूर्व भी पुलिस प्रशासन तथा डॉक्टर की मेडिकल टीम द्वारा शिक्षण संस्थानों में औचक निरीक्षण कर छात्र-छात्राओं का ड्रग्स टेस्ट किट से यूरिन टेस्ट किया गया था। जिसमें छात्रों द्वारा किसी प्रकार के ड्रग्स का सेवन किया जाना नही पाया गया।

# उपनल कर्मियों का धरना दसवें दिन भी जारी, सरकार से आठवीं वार्ता विफल

- सैनिक कल्याण सचिव दीपेंद्र चौधरी का पुतला दहन के साथ नो वर्क नो पे के ऑर्डर की प्रतियाँ जलाई
- कर्मचारियों में आक्रोश, उग्र आंदोलन की दी चेतावनी



शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** उपनल कर्मियों का धरना दसवें दिन भी जारी रही उधर सरकार से आठवीं वार्ता विफल रही। नो वर्क नो पे का ऑर्डर आने पर आक्रोषित उपनल कर्मियों ने सैनिक कल्याण सचिव दीपेंद्र चौधरी का पुतला दहन कर नो वर्क नो पे के ऑर्डर की प्रतियाँ जलाई।

नियमितीकरण वह समान कार्य के लिए समान वेतन की मांग को लेकर उपनल कर्मियों का धरना दसवे दिन जारी रहा।

उधर सरकार से आठवीं वार्ता विफल रही। नो वर्क नो पे का ऑर्डर आने पर आक्रोषित उपनल कर्मियों ने सैनिक कल्याण सचिव दीपेंद्र चौधरी का पुतला दहन कर नो वर्क नो पे के ऑर्डर की प्रतियाँ जलाई।

संयुक्त मोर्चा के प्रदेश संयोजक विनोद गोदियाल ने कहा कि सरकार लगातार कर्मचारियों का शोषण करते आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार एक ओर नियमितीकरण के लिए उप समिति बनाने का ढोंग रचती है वहीं दूसरी ओर कर्मचारियों को डराने धमकाने के लिए काला शासनदेश जारी करती है, जिसके विरोध में कर्मचारियों ने सचिव दीपेंद्र चौधरी का पुतला दहन के साथ नो वर्क नो पर के ऑर्डर की प्रतियाँ जलाई।

प्रदेश महामंत्री विनय प्रसाद ने कहा कि सरकार द्वारा कर्मचारियों को लगातार छला जा रहा है। उन्होंने कहा कि धरने के दसवें दिन भी शासन स्तर से कोई सकारात्मक कार्रवाई न होने पर उत्तरकाशी के जिला महामंत्री आजाद रावत व वाहन चालक संघ के प्रदेश महामंत्री अजय डबराल ने अपना सिर मुंडवाया।

दसवें दिन आंदोलन के दौरान प्रदेश संयोजक हरीश कोठारी, कार्यकारी अध्यक्ष महेश भट्ट, प्रदेश मीडिया प्रभारी प्रदीप चौहान, संगठन मंत्री भूपेश नेगी, सागर ध्यानी, विनीत खंडूरी, प्रकाश, मनोज सहित सैकड़ो कर्मचारी मौजूद रहे।

### युवा सम्मेलन आयोजित

**चकराता।** चकराता में भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष संजय तोमर के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत एक भव्य युवा सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में युवाओं को स्वरोजगार, कौशल विकास व स्टार्टअप के लिए प्रेरित किया गया। मुख्य अतिथि भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष विपुल मंदोली ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से बढ़ रहा है और वोकल फॉर लोकल, मेक इन इंडिया जैसी योजनाएँ युवाओं के लिए नए अवसर पैदा कर रही हैं।

## ओवरलोडिंग के खिलाफ 20 वाहनों के काटे चालान

शाह टाइम्स संवाददाता

**साहिया।** ओवरलोडिंग के खिलाफ परिवहन विभाग ने चलाया अभियान 20 वाहनों के काटे चालान। एआरटीओ ढलीपुर द्वारा इन दिनों लगातार वाहनों की चेकिंग व ओवरलोडिंग के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। बुधवार को कालसी चकराता मोटर मार्ग, हरिपुर बाडवाला, सेलाकुई हरबर्टपुर धर्मावाला आदि मुख्य मार्गों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया वहीं मुख्य प्रशासनिक अधिकारी परवर्तन एसके निरंजन ने बताया आगे भी यह अभियान जारी रहेगा। बताया कि 20 वाहनों के चालान जबकि 4 वाहनों को सीज किया गया है। कहा कि मोटर वाहन अधिनियम के विभिन्न धाराओं में चालान किए गए है।

## एक नजर ....

### एमवे ने न्यूट्रीलाइट विटामिन डी प्लस बोरॉन लॉन्च किया

**देहरादून ( शाह टाइम्स )।** पोषण के क्षेत्र में अपनी विशेषज्ञता को और मजबूत करते हुए, एमवे इंडिया, जो स्वास्थ्य और वेलनेस के क्षेत्र में अग्रणी कंपनी है, ने न्यूट्रिलाइट विटामिन डी प्लस बोरॉन लॉन्च किया। लॉन्च के दौरान एमवे इंडिया के प्रबंध निदेशक, रजनीश चोपड़ा ने कहा, उत्पाद नवाचार पर रणनीतिक रूप से ध्यान देने के तहत, हमें अपने नए उत्पाद 'न्यूट्रीलाइट विटामिन डी प्लस बोरॉन' को लॉन्च करते हुए गर्व हो रहा है। एमवे इंडिया की चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, अमृता असरानी ने कहा, "यह फॉर्मूलेशन वाकई समग्र स्वास्थ्य की हमारी सोच को दर्शाता है।

### चकराता महाविद्यालय में पहली बार रक्तदान शिविर

**चकराता ( शाह टाइम्स )।** गुलाब सिंह राजकीय महाविद्यालय, चकराता में उच्च शिक्षा विभाग और वीर फाउंडेशन देहरादून सिटी ब्लड बैंक के सहयोग से पहली बार रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। छात्रों और प्राध्यापकों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। प्राचार्य डॉ. आशुतोष शरण ने रक्तदान को मानवता की महान सेवा बताते हुए युवाओं से इसमें सक्रिय भागीदारी का आग्रह किया। शिविर में वीर फाउंडेशन से डॉ. शेखर, शीतल रावत, अमित चौहान और करिश्मा चौधरी मौजूद रहे।

### छात्र-छात्राओं ने किया हनोल मंदिर का शैक्षणिक भ्रमण

**साहिया ( शाह टाइम्स )।** सरदार महिपाल राजेन्द्र जनजातीय पी.जी. कॉलेज, साहिया के भूगोल विभाग के छात्र-छात्राओं ने जौनसार बावर क्षेत्र के प्रसिद्ध हनोल मंदिर का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को क्षेत्र की भौगोलिक संरचना, सांस्कृतिक विरासत, स्थलाकृति तथा नदी तंत्र का प्रत्यक्ष अध्ययन कराना था। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने टोंस नदी घाटी की भौगोलिक विशेषताओं, स्थानीय प्राकृतिक संसाधनों, वनस्पतियों तथा सांस्कृतिक पर्यावरण का अवलोकन किया। इस शैक्षणिक भ्रमण में सनिका चौहान, तनीषा तोमर, शिवानी, नीतू, रविता, पायल, रिया डिमरी, राहुल सिंह राणा, प्रियांशु चौहान, रीता तोमर कनिष्ठ सहायक, काजल, आंशिक नेगी, अर्चिता तोमर, रिया, लुकयांशी तोमर, आशीष चौहान, तुषार चौहान, सज्जन आदि छात्र-छात्राएं सम्मिलित रहे।

### भरोसेमंद हाइब्रिड मल्टी एसेट एलोकेशन फंड लॉन्च

**देहरादून ( शाह टाइम्स )।** पैंटोमैथ फाइनेंशियल सर्विसेज ग्रुप के तहत भारत के सबसे तेजी से बढ़ते एएमसी में से एक, द वेल्थ कंपनी एसेट मैनेजमेंट होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड, द वेल्थ कंपनी मल्टी एसेट एलोकेशन फंड लॉन्च कर रही है। यह टू-टू-लेबल ( पारदर्शी और भरोसेमंद) हाइब्रिड, कमोडिटी-एंकर्ड मल्टी-एसेट फंड इक्विटी फंड, डेट और कमॉडिटी को सक्रियता से संतुलित करेगा। नया फंड ऑफर (एनएफओ) 19 नवंबर, 2025 को खुलेगा और 3 दिसंबर, 2025 को बंद होगा। सीआईओ-इक्विटी, अपर्णा शंकर ने एनएफओ लॉन्च के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा, वेल्थ कंपनी म्यूचुअल फंड में, हमारा मानना है कि परिसंपत्ति आवंटन दीर्घकालिक धन सृजन और संरक्षण की आधारशिला है।

### मुख्यमंत्री ने विकास योजनाओं के लिए दी 170 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति

**देहरादून ( मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स )।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कुम्भ मेला-2027 के 11 नवीन निर्माण कार्यों के लिए राज्य स्तरीय एम्पावर्ड समिति की बैठक में संस्तुत 37.34 करोड स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया है। मुख्यमंत्री द्वारा 15वें वित्त आयोग की अनुशंसाओं के अंतर्गत उत्तराखण्ड राज्य में अग्निशमन सेवाओं एवं आधुनिकरण हेतु स्वीकृत 79 करोड़, राज्य योजना के अन्तर्गत पौड़ी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र पौड़ी के विकास खण्ड पाबौ में सीकू तिमली मोटर मार्ग के पुनर्निर्माण एवं सुधारीकरण कार्य 3.26 करोड़ के साथ ही विधानसभा क्षेत्र प्रतापनगर में पीपलडाली से म्यूण्डा ललवाली तक मोटर मार्ग का नवनिर्माण कार्य के लिए 1.78 करोड़ की योजना स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री द्वारा मुख्यमंत्री घोषणा के तहत जनपद चम्पावत के विधानसभा क्षेत्र चम्पावत के टनकपुर में ग्राम पंचायत नायकगोठ के किरोडा नाले में 480.00 मीटर एवं 120.00 मीटर स्पान पुल के निर्माण के लिए 48.38 करोड स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन किया है।

## हमेशा से अधिवक्ताओं के साथ खड़ी है कांग्रेस: गणेश

शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता

**देहरादून।** उत्तराखण्ड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने बुधवार को न्यायालय परिसर में चल रहे अधिवक्ताओं के धरने में पहुंच कर पार्टी की और से समर्थन देने का ऐलान किया।

गोदियाल ने कहा कि बड़ी विडम्बना है कि सरकार कोर्ट परिसर के बीचो-बीच रेन बसेरा बनाने की बात कर रही है ये बात कुछ हजम नहीं हो रही है कि केंद्र की एजेंसियों को पूरे देहरादून में रेन बसेरा के लिए कोर्ट के दो परिसरों के बीच की ही जगह मिली, सरकार को ये समझ नहीं है कि कल जब नई पीढ़ी आगे आएगी वो न्याय व्यवस्था का हिस्सा बनेगी उसे बैठने की जगह कहाँ मिलेगी। उन्होंने कहा राज्य की उम्र कोई पच्चीस तीस साल तो होती नहीं, हजारो साल होती है। न्यायिक कार्यो के लिए आगे सरकार को कुछ करना होगा तो अधिवक्ताओ के लिए तो कहा जाएँगे।

सरकार को अपने निर्णय पर पुनः विचार करना चाहिए। सरकार को याद रखना चाहिए की आंदोलन के वक्त भी ये वकील भाई अग्रणी थे और जितने भी लोगों पर केस लगे हमारे वकील भाइयों ने निशुल्क उनकी पैरवी की। इस दौरान बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मनमोहन कंडवाल, ?सूर्यकांत धस्माना, राजेंद्र शाह, संदीप चमोली, राजेंद्र सिंह बिष्ट, डॉ प्रतिमा सिंह, सुजाता पॉल व राजेश चमोली आदि मौजूद रहे।

# कैसे सुधरे यातायात: 411 के स्थान पर 269 कर्मी तैनात

- अपर पुलिस महानिदेशक, अपराध एंव कानून व्यवस्था ने की समीक्षा

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** अपर पुलिस महानिदेशक, अपराध एंव कानून व्यवस्था ने बुधवार को पुलिस कार्यालय देहरादून में जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारियों के साथ जनपद देहरादून की यातायात व्यवस्था के सम्बंध में समीक्षा गोष्ठी की गई।

गोष्ठी के दौरान क्षेत्राधिकारी यातायात द्वारा प्रेजेन्टेशन के माध्यम से यातायात व्यवस्था के बेहतर प्रबंधन हेतु जनपद पुलिस द्वारा किये गये प्रयासो की जानकारी दी गई। जनपद में 3 इंटरसेप्टर वाहन, 3 हाइवे पेट्रोल, 2 बुलेट इंटरसेप्टर मो साइकिल, 26 मा. साइकिल, 3 स्पीड रडार गन, 70 एल्कोमीटर, 345 ई-चालान मशीन, 62 बॉडी वार्न कैमरा तथा 05 हैंडीकैम कैमरे उपलब्ध है।

बताया कि वर्ष 2017 में जनपद में यातायात व्यवस्था को 411 पुलिस कर्मी नियुक्त थे, जिनकी संख्या वर्तमान में केवल 269 है। फोर्स की कमी के कारण विकासनगर, मसूरी आदि क्षेत्रों में यातायात पुलिस कर्मी की नियुक्ति नही की गई है तथा ऋषिकेश क्षेत्र में भी सीमित संख्या में ही यातायात व्यवस्था हेतु पुलिस कर्मियों को नियुक्त किया गया है।

वर्ष 2024 में जनपद में 4145 जूलुस, रैली व धरना प्रदर्शन तथा 38 मेले, त्यौहारों का आयोजन हुआ, जबकि इस वर्ष अब तक 2653 जूलुस, रैली व धरना प्रदर्शन तथा 32 मेले, त्यौहारों का आयोजन किया गया है।

वर्ष 2024 में जनपद में 04 वीवीआईपी तथा 2825 वीआईपी भ्रमण कार्यक्रम हुए, जबकि वर्ष 2025 में अब तक 06 वीवीआईपी तथा 2575 वीआईपी भ्रमण कार्यक्रम सम्पादित किये गये है। जनपद के नगर क्षेत्र में लगभग 12 लाख वाहन रजिस्टर है, जिसके कारण भी लगातार मार्गो पर यातायात का दबाव बना रहता है। वर्ष 2024 एवं वर्ष 2025 में पुलिस द्वारा कार्यवाही का शीर्षकवार तुलनात्मक विवरण:- वर्ष 2025 में कुल चालान - 172499 है जो कि वर्ष 2024 से 42.40 प्रतिशत अधिक है । शराब पीकर वाहन चलाने वाले पर कार्यवाही की 274 प्रतिशत वृद्धि हुई है । तरीके से वाहन चलाने वालों के विरुद्ध विगत वर्ष की तुलना में इस वर्ष 111 प्रतिशत वृद्धि हुई है ।

ओवर स्पीड के चालनों में 177 प्रतिशत वृद्धि हुई है । बिना हेलमेट के चालानों में 48 प्रतिशत वृद्धि हुई है । रेड लाईट के चालानों में 98 प्रतिशत वृद्धि हुई है । नाबालिग के चालानों में 666 प्रतिशत की वृद्धि हुई है । तीन सवारी में वाहन चलाने वाले चालनों में 76 प्रतिशत की वृद्धि हुई है । मोबाईल फोन के प्रयोग के चालानों में 21 प्रतिशत की वृद्धि हुई है ।

## वायुसेना में अधिकारी बनेंगी स्नेहा व जिनिशा नांदेचा: चौधरी



शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** राजधानी देहरादून स्थित रक्षा संस्थान दून डिफेन्स ड्रीमर्स की दो होनहार छात्राओं ने भारतीय वायुसेना में अधिकारी बनने की दिशा में महत्वपूर्ण सफलता हासिल कर शहर का गौरव बढ़ाया है। स्नेहा राणा और जिनिशा नांदेचा ने वायुसेना चयन बोर्ड के कठिन साक्षात्कार में सफलता प्राप्त कर यह कीर्तिमान स्थापित किया है।

देहरादून निवासी स्नेहा राणा ने 4 एएफएसबी वाराणसी से, जबकि जिनिशा नांदेचा ने 3 एएफएसबी गांधीनगर से सेवा चयन बोर्ड (एसएसबी) साक्षात्कार में सफल होकर भारतीय वायुसेना में प्रवेश सुनिश्चित किया है।

वायुसेना कॉमन एडमिशन टेस्ट की लिखित परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद, स्नेहा ने दून डिफेन्स ड्रीमर्स के विशेष एसएसबी समूह में प्रवेश लिया।

उन्हें यहाँ मनोविज्ञान परीक्षण, समूह चर्चा, समूह कार्य व्यक्तिगत साक्षात्कार और व्यक्तित्व विकास की विशेषज्ञतापूर्ण ट्रेनिंग दी गई। चौधरी ने बताया कि लिखित परीक्षा के बाद, जिनिशा ने संस्थान के निःशुल्क एसएसबी समूह में भाग लिया। पूर्व-सेना के अनुभवी मार्गदर्शकों ने उन्हें स्क्रीनिंग से लेकर कॉन्फ्रेंस तक के सभी पहलुओं पर गहराई से प्रशिक्षित किया। जिनिशा ने यहाँ के नियमित अभ्यास परीक्षणों, संदेह सत्रों और मजबूत चयन रिकॉर्ड को अपनी सफलता का आधार बताया। गांधीनगर में रिपोर्टिंग से लेकर अंतिम कॉन्फ्रेंस तक, अपनी ईमानदारी, टीमवर्क और सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ हर चरण का सामना किया।

## कांग्रेसी परिवारवादी बेल के सहारे: चौहान

**देहरादून मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स ।** भाजपा ने कांग्रेस के नव मनोनीत प्रदेश पदाधिकारियों के तमाम दावों को गलतफहमी बताते हुए कहा कि बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओ तक पहुँचने से पहले कांग्रेस मे गहरी जड़ ले चुके परिवारवाद के बेल के सूखने तक वह भाजपा के विजय रथ को रोकने की सोच भी नही सकती, क्योंकि जनता इसे नकार चुकी है। प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि कांग्रेस मे एक दर्जन से अधिक नेता परिवारवाद की बेल को सींचने मे लगे हैं। उन्होंने कहा कि उन्हे बूथ पर जाने के बजाय इस बेल की चिंता है। चौहान ने पूर्व सीएम हरीश रावत द्वारा घर में बूथ अध्यक्ष बनाने की पहल पर तंज कसते हुए कहा की यह कांग्रेस के लिए अच्छी बात है कि उन्हें लोकसभा चुनाव में खोया अपना बूथ मिल गया। हालांकि जनता इस परिवारवादी बेल को सुखाने के लिए अधिक उत्साहित है। चौहान ने कहा कि राज्य मे विकास के आधार पर चुनाव होने हैं और जनता विकास मे किसी तरह के अवरोध को नही चाहती है। पीएम मोदी के मार्गदर्शन और सीएम धामी के नेतृत्व में प्रदेश की जनता पूरी तरह से भाजपा के साथ खड़ी है।

## मुख्यमंत्री ने सीएमआई हॉस्पिटल में भर्ती पूर्व विधायक कर्णवाल की माताजी का हालचाल जाना

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बुधवार को सीएमआई हॉस्पिटल, देहरादून पहुंचे, जहाँ उन्होंने पूर्व विधायक देशराज कर्णवाल की माताजी का हालचाल जाना। कर्णवाल की माताजी स्वास्थ्य कारणों से अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती हैं। मुख्यमंत्री ने अस्पताल प्रशासन एवं चिकित्सकों से उनकी स्वास्थ्य स्थिति की जानक. ारी प्राप्त की और निर्देश दिए कि उनके उपचार में किसी प्रकार की कमी न आने पाए। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य और देखभाल के प्रति सरकार संवे. दनशील है और जरूरत के हर चरण में आवश्यक सहायता सुनिश्चित की जाएगी। मुख्यमंत्री ने उनकी माताजी के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

# यूपीईएस ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में छात्रों को सम्मानित किया

## 1200 से अधिक छात्रों ने 500 प्रविष्टियां की शामिल, 90 से अधिक फाइनलिस्ट

शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता

**देहरादून।** दुनिया के व्यावहारिक समाधान खोजने की कला: डॉ. राम

देहरादून। यूपीईएस ने अपने रनवे प्रोत्साहन केन्द्र के माध्यम से दो दिवसीय फ्यूचर संस्थापक चुनौती (एफएफसी) 2025 का समापन किया। राष्ट्रीय स्तर की स्टार्टअप प्रतियोगिता में देशभर के शीर्ष 30 विद्यालयों ने भाग लिया। 500 से अधिक प्रविष्टियों और 1200 से ज्यादा छात्रों में से चयनित 34 दलों के 90 से अधिक छात्र देहरादून में आयोजित कैंपस फाइनल में शामिल हुए।




कक्षा नौ से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए तैयार इस प्रतियोगिता का उद्देश्य उन्हें वास्तविक उद्यमिता का अनुभव दिलाना था, विचारों को निखारने से लेकर व्यापार मॉडल तैयार करने और पेशेवर प्रस्तुति तक। दो दिनों के दौरान प्रतिभागियों ने मुख्य व्याख्यान, संवादात्मक कार्यशालाओं और कई प्रस्तुति दौर में हिस्सा लिया, जिनमें उनकी स्पष्टता, आत्मविश्वास और समस्या-समाधान क्षमता परखघी गई।

निर्णायक मंडल में स्टार्टअप और नवाचार जगत से सिद्धार्थ डागा, सौरभ जैन, डॉ. विक्रम वेंकटेश्वरन और जीत विजय शामिल रहे। फाइनल में प्रस्तुत प्रमुख समाधानों में स्मार्ट बैशाखी, सांकेतिक भाषा को कई भारतीय भाषाओं में लिखित रूप में बदलने वाला यांत्रिक दस्ताना, दृष्टिबाधितों के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित स्मार्ट सहायक चश्मे और सतत जैव ईंधन उत्पादन प्रणाली जैसी पहलें शामिल रहीं।

राष्ट्रीय विजेता दल को एक लाख रुपये, प्रथम उपविजेता को पचास हजार रुपये और द्वितीय उपविजेता को पच्चीस हजार रुपये की धनराशि प्रदान की गई, जबकि चौथे, पांचवें और छठे स्थान पर रहने वाले दलों को क्रमशः पंद्रह हजार, दस हजार और साढ़े सात हजार रुपये मिले। चयनित दलों को यूपीईएस रनवे प्रोत्साहन केन्द्र के माध्यम से मार्गदर्शन और संभावित संरक्षण के अवसर भी दिए जाएंगे।

समापन सत्र में यूपीईएस के कुल. पति डॉ. राम शर्मा ने कहा कि उद्यमिता दुनिया को पैनी नजर से देखने और वास्तविक समस्याओं के व्यावहारिक समाधान खोजने की कला है। उन्होंने कहा कि फ्यूचर संस्थापक चुनौती के माध्यम से स्कूली छात्र भी ऐसे विचारों पर काम करने के लिए प्रेरित हो रहे हैं, जो भविष्य में बड़े स्तर पर विकसित हो सकते हैं।

## इंदिरा के योगदान को ये देश सदैव याद रखेगा: गोदियाल

**देहरादून।** देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की 108वीं जयंती पर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर कांग्रेस मुख्यालय में उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्षस गणेश गोदियाल के नेतृत्व में स्व. इन्दिरा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। गोदियाल ने कहा कि राष्ट्र व विश्व की महान जननायिका और देश की एकता के लिए अपने प्राणों को न्यौछावर करने वाली त्याग और बलिदान की प्रतिमूर्ति, मात्र शक्ति की प्रतीक स्व. इन्दिरा गांधी ने अपनी प्रतिभा कौशल एवं विद्यता से देश को प्रगति के पथ पर लाने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। गरीबी निवारण के साथ-साथ बैंकों का राष्ट्रीयकरण, बीस सूत्रीय कार्यक्रम जैसे विकासोन्मुखी कार्यक्रम शुरू करने के साथ ही सामाजिक समरसता एवं सद्भाव को मजबूत बनाने की दिशा में अनेकों उल्लेखनीय कार्य किये थे।

## सर्वसाधारण को सूचना

परिषद की नेहरू नगर योजना देहरादून में स्थित अल्प आय वर्ग भवन सं० जी-167 श्री मन्शाराम खन्डूरी पुत्र स्व० कामरूप खण्डूरी के पक्ष में आवंटन हेतु प्रविष्ट हुआ था। आवंटी द्वारा पूर्ण भुगतान होने के उपरान्त दिनांक 12-11-2002 को विक्रय विलेख परिषद से निष्पादित कराया गया है। आंवटी उक्त भवन का विक्रय श्रीमती बिमला रानी खन्ना पत्नी स्व० श्री सोम नाथ खन्ना एवं श्री एस० के० खन्ना पुत्र स्व० श्री सोम नाथा खन्ना के पक्ष में करते हुये, विक्रय विलेख दिनांक 04-04-2005 को उप निबंधक सदर-प्रथम के देहरादून में कार्यालय में पंजीकृत किया गया है। क्रेतागण द्वारा उक्त भवन का नामान्तरण अपने पक्ष में नहीं कराया गया है। श्रीमती बिमला रानी की मृत्यू दिनांक 04-1-2022 को होने के उपरान्त उनके पुत्र श्री एस० के० खन्ना पुत्र स्व० श्री सोम नाथ खन्ना द्वारा बिमला रानी की वसीयत के आधार पर स्वंय उक्त भवन का विक्रय विलेख श्रीमती सुमन पुत्री श्री बुद्ध सैन श्रीवास्तव एवं श्री गजेन्द्र प्रसाद भट्ट पुत्र श्री भौपालमणी भट्ट निवासी-डाण्डी मौथरोवाला देहरादून को विकग्र करते हुये विक्रय विलेख दिनांक 13-06-2023 को उप निबंधक चतुर्थ देहरादून में कार्यालय में पंजीकृत किया गया है। क्रेतागण श्रीमती सुमन पुत्री श्री बुद्ध सैन श्रीवास्तव एवं श्री गजेन्द्र गजेन्द्र प्रसाद भट्ट पुत्र श्री भौपालमणी भट्ट निवासी-डाण्डी मौथरोवाला देहरादून द्वारा उक्त भवन को अपने नाम परिषद अभिलेखों में नामान्तण करने हेतु ऑनलाइन आवेदन किया गया है।

उपरोक्त अभिलेखों के आधार पर अल्प आय वर्ग भवन सं० जी-167 नेहरूनगर योजना देहरादून क्रेतागण श्रीमती सुमन पुत्री श्री बुद्ध सैन श्रीवास्तव एवं श्री गजेन्द्र प्रसाद भट्ट पुत्र श्री भौपालमणी भट्ट निवासी-डाण्डी मौथरोवाला देहरादून के पक्ष में किया जाना प्रस्तावित है, यदि किसी व्यक्ति एवं पक्षकार को उक्त भवन का नामान्तरण क्रेतागण श्रीमती सुमन पुत्री श्री बुद्ध सैन श्रीवास्तव एवं श्री गजेन्द्र प्रसाद भट्ट पुत्र श्री भौपालमणी भट्ट के पक्ष में करने में आपत्ति हो तो, परिषद कार्यालय में साक्ष्य साहित अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि में कोई सूचना प्राप्त न होने पर, क्रेतागण श्रीमती सुमन पुत्री श्री बुद्ध सैन श्रीवास्तव एवं श्री गजेन्द्र प्रसाद भट्ट पुत्र श्री भौपालमणी भट्ट के पक्ष में नामान्तरण नियमानुसार कर दिया जायेगा, तथा बाद में किसी व्यक्ति / पक्षकार का किसी भी प्रकार का कोई क्लेम (दावा) परिषद को मान्य नही होगा।

**सह प्रभारी सम्पत्ति**

**उत्तराखण्ड आवास एवं विकास परिषद, मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण, देहरादून**

# परिचर्चा में विद्यार्थियों-विशेषज्ञों का सार्थक संवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** पंतजलि विश्वविद्यालय के प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग विज्ञान संकाय द्वारा 19 नवम्बर को 8वें राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा दिवस के उपलक्ष्य में गहन, विस्तृत एवं ज्ञानवर्धक एक-दिवसीय प्राकृतिक चिकित्सा परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य प्राकृतिक चिकित्सा की वैज्ञानिकता, उपयोगिता, आधुनिक स्वास्थ्य परिप्रेक्ष्य में इसकी प्रासंगिकता तथा विद्यार्थियों व समाज को इसके प्रति जागरूक करना था। परिचर्चा का आयोजन विश्वविद्यालय के मिनी ऑडिटोरियम में हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत विश्वविद्यालय की पारंपरिक शैली के अनुरूप वैदिक मंत्रोच्चार से हुई, जिससे वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा और सकारात्मकता से भर गया। इसके पश्चात डॉ. अनिल वर्मा, निदेशक, प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग विज्ञान संकाय ने कार्यक्रम की पृष्ठभूमि और इसके राष्ट्रीय महत्व तथा भारत में प्राकृतिक चिकित्सा के बढ़ते प्रभाव पर प्रकाश डाला।इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. हरदीप कौर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, पंतजलि निरामयम ,औरंगाबाद तथा डॉ. श्रीलोय मोहंती, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी, आयुष विभाग, एम्स ऋषिकेश ने प्राकृतिक चिकित्सा के सिद्धांतों, उपचार पद्धतियों, वैज्ञानिक आधार और समग्र जीवनशैली सुधार पर अत्यंत महत्वपूर्ण विचार प्रस्तुत किए। वक्ताओं ने बताया कि प्राकृतिक चिकित्सा मात्र उपचार की पद्धति नहीं, बल्कि जीवनशैली अनुशासन का ऐसा समग्र ढांचा है जो रोगों की रोकथाम, प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि और मानसिक-शारीरिक संतुलन को सुनिश्चित करता है। उन्होंने जल-चिकित्सा, मड-थेरेपी, सूर्य चिकित्सा, आहार चिकित्सा, उपवास चिकित्सा, योग-प्राणायाम जैसे विभिन्न प्राकृतिक उपचारों की व्याख्या करते हुए बताया कि ये विधियाँ न केवल सुरक्षित हैं, बल्कि दीर्घकालिक स्वास्थ्य लाभ प्रदान करती हैं। आधुनिक जीवनशैली से उत्पन्न रोगों जैसे उच्च रक्तचाप, तनाव, मधुमेह, मोटापा, अनिद्रा आदि में प्राकृतिक चिकित्सा को अत्यंत प्रभावी बताते हुए उन्होंने विद्यार्थियोंको प्रोत्साहित किया कि वे इस क्षेत्र में अनुसंधान, नए प्रयोगों और स्वास्थ्य जागरूकता अभियानों में सक्रिय भूमिका निभाएँ। वक्ताओं ने प्राकृतिक चिकित्सा की सामाजिक उपयोगिता और ग्रामीण व शहरी दोनों परिवेशों में इसकी आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला।



# आरोपियों के कब्जे से दो तमंचे व एक देशी पिस्टल बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** दिनांक 12 नवंबर को फुटबॉल ग्राउण्ड के पास हुयी फायरिंग मे वादी आकाश पुत्र सतपाल निवासी विजय बिहार जमालपुर द्वारा तहरीर दी कि आरोपियों द्वारा वादी के भाई सचिन के साथ झगडा कर सचिन को जान से मारने की नियत से सचिन के ऊपर फायर झोंकना जिससे सचिन के पैर मे गोली लगना व गम्भीर रुप से घायल हो जाने के सम्बन्ध मे दी गयी। तहरीर के आधार पर थाना कनखल पर मुकदमा घटना से संबधित धाराओं में पंजीकृत किया गया घटना की गम्भीरता को देखते हुये वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार, थानाध्यक्ष कनखल के नेतृत्व में थानास्तर से पुलिस टीम का गठन किया गया। उक्त पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र के सी.सी.टी.वी के अवलोकन करते हुये मुखबिर तत्रं सक्रिया किया गया। दिनांक 13 नवंबर को आरोपी भरत पुत्र अर्जुन सिहं निवासी चांदपुर रोड राजनगर बुलन्द शहर हाल निवास जगजीतपुर थाना कनखल व रितिक पुत्र विनोद निवासी ग्राम खंजरपुर, मोदीनगर गाजियाबाद हाल निवास सैक्टर 4 भेल को पकड़ा गया था। पुलिस टीम द्वारा दिनांक 18 नवंबर को बैरागी कैम्प कनखल क्षेत्र से आरोपी डिकेन्द्र उर्फ डी.के पुत्र प्रीतम सिहं निवासी लालपुर सौजीमल थाना नागल सौती व आकाश कुमार उर्फ तान्त्रिक पुत्र मूलचन्द सिहं नि0 रामदासवाली थाना मण्डावली बिजनौर व कामेन्द्र पुत्र रोहिताश निवासी सौजीमल थाना नागल सौती जिला बिजनौर को वाहन होण्डा सीटी के साथ पकड़ा गया। जिनमें डिकेन्द्र के पास से एक देशी पिस्टल 32 बोर व एक जिन्दा कारतूस व आकाश के पास से एक अदद तमन्चा 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस व आरोपी कामेन्द्र के पास से एक अदद तमन्चा 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस बरामद हुआ। आरोपी आकाश उर्फ तान्त्रिक व डिकेन्द्र द्वारा दिनाक 26 अगस्त को अमन चौक गुरुकुल काँगडी में भी सूर्यप्रताप आदि पर भी जानलेवा फायर करने के सम्बन्ध मे मुकदमा दर्ज धारा 109 बी.एन.एस पंजीकृत है पुलिस ने बताया आरोपी बहुत शातिर किस्म के अपराधी है।



# परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो : नगर मजिस्ट्रेट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** नगर मजिस्ट्रेट हरिद्वार कुश्म चौहान ने अवगत कराया कि उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद, रामनगर नैनीताल द्वारा दिनांक 22 नवंबर को द्विवर्षीय डी.एल.एड परिक्षण हेतु प्रवेश परीक्षा 2025 को प्रातः 10.00 बजे से अपरान्ह 12.30 बजे तक जनपद हरिद्वार नगर क्षेत्रान्तर्गत चार परीक्षा केंद्रों में आयोजित होगी जिसमें पी.एम रा.क.इ.का ज्वालापुर हरिद्वार नोडल केंद्र, पी.बी.म्यू इंटर कॉलेज मायापुर हरिद्वार, ज्वालापुर इंटर कॉलेज, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मायापुर हरिद्वार के परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जायगी। उक्त आयोजित परीक्षा के दौरान परीक्षा को नकल विहीन, बाधारहित, सुव्यवस्थित, निर्विघ्न एवं शांति पूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने तथा कानून व्यवस्था बनाये रखने की दृष्टि से परीक्षा केन्द्रों के आस-पास 200 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा 163 लागू की जाती है। नगर मजिस्ट्रेट हरिद्वार ने अवगत कराया कि परीक्षा को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा-163 के प्राविधानों के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुये निषेधाज्ञा पारित की जाती है। उन्होंने हरिद्वार नगर क्षेत्र के उक्त परीक्षा केंद्रों के आस-पास की 200 मीटर की सीमा के अन्तर्गत जिला मजिस्ट्रेट हरिद्वार अथवा अपर जिला मजिस्ट्रेट हरिद्वार अथवा उनके पूर्वानुमति के बिना पांच या पांच से अधिक व्यक्ति समूह के रूप में एकत्रित नहीं होंगे और न ही कोई सार्वजनिक सभा करेंगे और न ही जुलूस आदि निकालेंगे। कोई भी व्यक्ति उपरोक्त परीक्षा केन्द्र के आस पास अपने किसी कार्यक्रम द्वारा जन भावनाओं को किसी प्रकार से नहीं भड़काएगा और कोई ऐसा कार्य नहीं करेगा जिससे सार्वजनिक लोक शांति भंग होना सम्भावित हो हरिद्वार नगर क्षेत्र के उपरोक्त परीक्षा केन्द्र पर एवं उसके आस-पास की 200 मीटर की परिधि में किसी प्रकार का कोई धरना-प्रदर्शन आदि नहीं किया जाएगा। परीक्षा केन्द्र 200 मीटर की परिधि में निर्धारित मानकों से अधिक किसी भी प्रकार का ध्वनि प्रदूषण पूर्णतः प्रतिबन्धित होगा। परीक्षा केन्द्रों लाठी, चाकू, तलवार, भाला, आग्नेयशास्त्र जैसे बन्दूक, पिस्टल आदि विस्फोटक पदार्थ जैसे तेजाब, पैट्रोल आदि लेकर नहीं चलेगा और न ही अपने पास रखेगापरीक्षा केन्द्र से 200 मीटर की परिधि में शान्ति व्यवस्था में नियुक्त अधिकारी एवं कर्मचारी पुलिस बल के अतिरिक्त अन्य कोई व्यक्ति प्रवेश नहीं करेगा। परीक्षा केन्द्र परिसर के अन्तर्गत परीक्षार्थी को पाठ्य सामग्री ले जाने की अनुमति कदापि नहीं होगी। परीक्षा केन्द्र परिसर में किसी भी व्यक्ति एवं परीक्षार्थी को सेलुलर फोन तथा पेजर ले जाने की अनुमति कदापि नहीं होगी। उपरोक्त आदेशों का किसी भी प्रकार से उल्लंघन भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के अन्तर्गत दण्डनीय होगा।

# आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में जागरूकता बढ़ाना उद्देश्य : एनडीएमए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** 19 नवम्बर 2025 को राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (NDMA), भारत सरकार, गृह मंत्रालय द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ क्वांटम यूनिवर्सिटी, देहरादून रोड, रूड़की के परिसर में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में जागरूकता बढ़ाना, विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं स्वयंसेवकों को आपदा से निपटने हेतु आवश्यक कौशल प्रदान करना तथा आपदा के दौरान बेहतर समन्वय स्थापित करना है। इस अवसर पर लेफ्टिनेंट कर्नल अमन कुमार, 84 बटालियन एनसीसी, रूड़की; तहसीलदार भगवानपुर दयाराम तथा मास्टर ट्रेनर मनोज कंडियाल सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। अतिथियों ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए आपदा की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया, सुरक्षित निकासी, राहत एवं पुनर्वास जैसी महत्वपूर्ण प्रक्रियाओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित विशेषज्ञों द्वाराभूकंप, बाढ़, आगजनी तथा अन्य आपदाओं से निपटने के लिए व्यावहारिक प्रशिक्षण एवं सिमुलेशन अभ्यास भी आयोजित किए गए। प्रतिभागियों ने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को अत्यंत उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक बताया। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन देश में आपदा तैयारियों एवं जन-जागरूकता को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।



## पुलिस द्वारा सुरक्षा व्यवस्थाओं का पुनः निरीक्षण


**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार द्वारा संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखने एवं सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु विशेष निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में ATS, QRT, BDS, PAC तथा कोतवाली नगर पुलिस की संयुक्त टीमों द्वारा शहर के प्रमुख एवं संवेदनशील स्थाना CCR संजय पुल, धनुष पुल, ब्रह्मकुंड तथा मालवीय घाट पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। टीमों ने संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों तथा सामान की बारीकी से तलाशी ली। महत्वपूर्ण स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्थाओं का पुनः निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। हरिद्वार पुलिस लगातार सतर्क है तथा आमजन से भी अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

# डीएम ने रोडवेज बस स्टेशन का निरीक्षण किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**


**हरिद्वार।** जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने रोडवेज बस अड्डे पहुंचकर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। मुख्यमंत्री के धर्मनगरी हरिद्वार को स्वच्छ एवं क्लीन करने के निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी बुधवार सवेरे रोड़वेज बस अड्डे पहुंचे और सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने बस अड्डे को साफ सुथरा रखने के निर्देश दिए। साथ ही रोडवेज परिसर एवं सड़क किनारे फुटपाथ पर किए गए अतिक्रमण को हटाने एवं रोडवेज बस अड्डे के सौंदर्यीकरण के लिए रंग रोगन कराने के निर्देश भी दिए।जिलाधिकारी ने परिवहन निगम के एजीएम को निर्देश देते हुए कहा कि धर्मनगरी हरिद्वार चारधाम यात्रा का प्रवेश द्वार है। लाखों श्रद्धालु चारधाम यात्रा एवं गंगा स्नान के लिए हरिद्वार आते हैं। अन्य राज्यों से आने वाले श्रद्धालुओं एवं यात्रियों को साफ स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने के लिए साफ सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाया जाना जरूरी है। साफ सफाई व्यवस्था को निरंतर ठीक रखा जाए। जिससे श्रद्धालुओं एवं यात्री धर्मनगरी से सुखद अनुभव के साथ अपने गत्तव्य के लिए प्रस्थान करे । निरक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बस अड्डे की सफाई व्यवस्था को देख रहे एसके इंटरप्राइजेज के कर्मचारी को निर्देश दिए कि बस अड्डे की सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं बरती जानी चाहिए। बस अड्डे में सुबह शाम एवं रात्रि के समय भी निरंतर सफाई की जाए। जिलाधिकारी ने रोडवेज परिसर स्थित शौचालयों को भी साफ सुथरा रखने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान यात्रीयों को जानकारी देने के लिए बस अड्डे में लगाए गए कई इलेक्ट्रॉनिक साइन बोर्ड खराब मिलने पर जिलाधिकारी ने तत्काल ठीक करने के निर्देश दिए। उन्होंने यात्रीयों को साफ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए खराब वाटर कूलर ठीक कराने, बस अड्डे के सौंदर्यकरण के लिए रंग रोगन कराने तथा बस अड्डा परिसर में चस्पा बैनर पोस्टर को तत्काल हटाने के निर्देश भी दिए।निरीक्षण के दौरान बस अड्डा परिसर में संचालित सुलभ शौचालय में सफाई व्यवस्था दूरस्त नहीं मिलने एवं रेट लिस्ट चस्पा नहीं होने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए व्यवस्थाओं को तत्काल ठीक करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने नगर निगम और पुलिस को रोडवेज बस अड्डे के आसपास के क्षेत्र में सड़क किनारे एवं फुटपाथ पर किए गए अतिक्रमण को तत्काल हटाने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्य नगर आयुक्त नंदन कुमार, एसपी सिटी अभय प्रताप सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट कुश्म चौहान, सीओ सिटी शिशुपाल सिंह नेगी, रोडवेज एजीएम नरेंद्र गौतम, एसएनए रिषभ उनियाल, रोडवेज स्टेशन इचार्ज विनोद, देवपुरा चौकी इंचार्ज आशीष नेगी आदि मौजूद रहे।



# गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज है टॉयलेट टावर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** विश्व टॉयलेट डे के अवसर पर कैबिनेट मंत्री एवं आध्यात्मिक गुरू सतपाल महाराज के प्रेमनगर आश्रम के प्रबंधक पवन कुमार ने बताया कि आश्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन को आगे बढ़ाने में निरंतर योगदान कर रहा है। आश्रम में आने वाले श्रद्धालु भक्तों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। पवन कुमार ने बताया कि आश्रम में आने वाले भक्तों की बड़ी संख्या को देखते हुए 1990 में आश्रम में 10 हजार वर्ग फीट में 450 शौचालय वाले दो विशाल टॉयलेट टावर का निर्माण किया गया था। जो कि गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में भी दर्ज है। टॉयलेट टावरों को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग आश्रम पहुंचते हैं। धर्म नगरी के लिए यह बड़ी उपलब्धि है। दिल्ली के पंडवाला स्थित श्री हंस नगर आश्रम में भी 416 शौचालयों वाला टॉयलेट टावर बनाया गया है। पवन कुमार ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छता मिशन को आगे बढ़ाने में प्रत्येक नागरिक की सहभागिता होनी चाहिए। देश को खुले में शौच मुक्त बनाने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करने होंगे। आध्यात्मिक गुरु सतपाल महाराज देवभूमि वासियो और अपने भक्तों को स्वच्छता की प्रेरणा भी दे रहे हैं। पवन कुमार ने कहा कि स्वच्छता केवल एकल प्रयासो से संभव नहीं हैं। सभी के सम्मिलित प्रयासों से ही देश को स्वच्छ बनाया जा सकता है।



# विश्व सनातन महापीठ की स्थापना 21 नवंबर को होगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** तीर्थ सेवा न्यास के तत्वावधान में विश्व सनातन महापीठ की स्थापना की घोषणा एवं शिला पूजन समारोह 21 नवम्बर को आयोजित किया जाएगा। न्यास के संरक्षक एवं परमाध्यक्ष बाबा हठयोगी तथा अध्यक्ष तीर्थाचार्य रामविशाल दास महाराज ने पत्रकार वार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि विश्व सनातन महापीठ का निर्माण 100 एकड़ भूमि पर लगभग 1000 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा। यह प्रकल्प विश्व-स्तरीय आध्यात्मिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षिक केंद्र के रूप में विकसित होगा। इसमें सनातन संसद भवन, चारों शंकराचार्य पीठों के प्रेरणा-परिसर, तेरह अखाड़ों के उद्देश्य-परिसर, वेद मंदिर एवं वेद स्वाध्याय केन्द्र, आवासीय गुरुकुल, 108 संत आवास, 1008 भक्त आवास, 108 प्रमुख तीर्थों के दर्शन हेतु परिक्रमा पथ, सनातन टाइम म्यूजियम, ऑडिटोरियम, स्वरोजगार एवं शस्त्र प्रशिक्षण केंद्र, देशी गौसंरक्षण केंद्र, धर्म सभा हॉल का निर्माण किया जाएगा। रामविशाल दास महाराज ने बताया कि इन सभी प्रकल्पों का उद्देश्य सनातन संस्कृति के पुनर्जागरण, संरक्षण, अध्यात्म, शिक्षा, राष्ट्रनिर्माण और वैदिक परंपरा को वैश्विक स्तर पर स्थापित करना है। रामविशाल दास महाराज ने बताया कि उद्घोषणा एवं शिला-पूजन समारोह में देश और विदेश के प्रतिष्ठित संत, कथावाचक, उद्योगपति, जनप्रतिनिधि तथा विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। जिनमें कथावाचक डा.अनिरुद्धाचार्य, देवकीनंदन ठाकुर, स्वामी ब्रह्मेशानन्द, संजय आर्य शास्त्री, स्वामी दिनेश्वरानंद, राज राजेश्वर गुरुजी, करौली शंकर महादेव, पाण्डोखर सरकार, अविचल दास के अलावा काशी, वृंदावन, अयोध्या, पंजाब, हरिद्वार सहित देशभर से हजारों संत-महापुरुष शामिल हैं। रामविशाल दास महाराज ने कहा कि महापीठ की स्थापना से संपूर्ण विश्व में सनातन धर्म के पुनर्जागरण, समन्वय, आध्यात्मिक नेतृत्व तथा वैश्विक सांस्कृतिक एकता का मार्ग प्रशस्त होगा। विश्व सनातन महापीठ आने वाली पीढ़ियों के लिए सनातन संस्कृति का जीवंत केंद्र होगा। पत्रकारवार्ता में डा.गौतम खट्टर, शिशिर चौधरी, अमरीश त्यागी, शुभम मलिक, अमित त्यागी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।



# आरएसएस शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में कार्यकर्ता घर-घर पहुंचा रहे संघ का संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में देशभर में चल रहे व्यापक गृह संपर्क अभियान के अंतर्गत संघ कार्यकर्ता घर-घर जाकर संपर्क कर स्थानीय निवासियों को संघ की 100 वर्षों की यात्रा, उपलब्धियों एवं सामाजिक कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दे रहे हैं। साथ ही प्रत्येक परिवार से समाज और राष्ट्र उत्थान के लिए स्वेच्छा से किसी न किसी सेवा या जन-जागरण अभियान से जुड़ने की अपील भी कर रहे हैं। आर.एस.एस के सह प्रांत प्रचार प्रमुख डा.बृजेश बनकोटी ने बताया कि उत्तराखंड प्रांत में 16 नवम्बर से 14 दिसम्बर तक विशेष गृह संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। जिसका उद्देश्य संघ के विचार, संस्कार, सेवा-परंपरा एवं सामाजिक उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाना है ताकि समाज के हर वर्ग में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिले। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान प्रत्येक व्यक्ति और परिवार को संघ द्वारा पंच परिवर्तन को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। पंच परिवर्तन का लक्ष्य व्यक्ति, परिवार, समाज, पर्यावरण और राष्ट्र के समग्र विकास को दिशा देना है। डा.बनकोटी ने कहा कि समाज निर्माण का आधार संस्कार, अनुशासन, सेवा और संगठन में निहित है और संघ अपने 100 वर्षों की परंपरा में इन्हीं मूल्यों को मजबूत करने का कार्य करता आ रहा है। बताया कि अभियान के दौरान स्वयंसेवक न केवल घर-घर जाकर संवाद स्थापित कर रहे हैं, बल्कि लोगों की समस्याओं, सामाजिक आवश्यकताओं और क्षेत्र में किए जा सकने वाले सेवा कार्यों के बारे में भी जानकारी एकत्र कर रहे हैं। इससे आने वाले वर्षों में क्षेत्र में अधिक प्रभावी और सार्थक सामाजिक गतिविधियां संचालित करने में सहायता मिलेगी। गृह संपर्क अभियान में संघ के नगर प्रचारक शुभम, सह नगर कार्यवाह बलदेव, सुनील, प्रीतम, माणिक, राजकुमार, गुलशन सहित दर्जनों स्वयंसेवक सक्रिय रूप से शामिल हैं।



# भारत साधु समाज की बैठक के नए पदाधिकारी घोषित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** भारत साधु समाज के नए पदाधिकारी घोषित किए गए हैं। श्रीजी वाटिका प्राचीन अवधूत मंडल आश्रम में गुरू मंडल आश्रम के पीठाधीश्वर महंत भगवत स्वरूप महाराज की अध्यक्षता में आयोजित भारत साधु समाज की बैठक में सर्वसम्मति से स्वामी सत्यव्रतानंद सरस्वती को भारत साधु समाज का प्रदेश अध्यक्ष, विनोद गिरी महाराज को महामंत्री तथा स्वामी अमृतानंद महाराज को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। बैठक में नए पदाधिकारियों की नियुक्ति के साथ संगठन को और अधिक सक्रिय व मजबूत बनाने पर भी विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में संतों ने संगठन की भावी कार्ययोजना पर विचार रखते हुए एकजुटता, धर्म संरक्षण, सामाजिक समरसता और सेवा कार्यों को और व्यापक स्तर पर आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। बैठक को संबोधित करते हुए श्री प्राचीन अवधूत मंडल आश्रम के पीठाधीश्वर महंत महामंडलेश्वर स्वामी रूपेन्द्र प्रकाश महाराज ने कहा कि महाकुंभ एवं अर्धकुंभ का आयोजन सनातनियों की आस्था से जुड़ा है। इसके पौराणिक स्वरूप से छेड़छाड़ किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं है। शासन- प्रशासन का काम मेले के दौरान व्यवस्था बनाना है। स्नान पर्वों का निर्णय संत समाज की सहमति से होता है। उन्होंने अखाड़ा परिषद के अस्तित्व पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि वर्तमान में अखाड़ा परिषद का कोई अस्तित्व नहीं है। ऐसे में मेले को लेकर उन्हें निर्णय लेने का कोई अधिकार नहीं है। बैठक में जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर स्वामी प्रबोधानंद गिरी महाराज ने कहा कि सरकारी धन की बंदरबांट करने के लिए हरिद्वार के अर्धकुंभ को पूर्ण कुंभ के रूप में प्रचारित किया जा रहा है। जबकि 2027 में ही नासिक में पूर्ण कुंभ का आयोजन होना है। ऐसे में संत कैसे स्नान पर्वों के हरिद्वार और नासिक की दौड़ लगाते रहेंगे। उन्होंने कहा हरिद्वार का दुर्भाग्य है कि नशे का कारोबार करने वाले लोग ही नशा मुक्ति अभियान चला रहे हैं। नवनिर्वाचित अध्यक्ष स्वामी सत्यव्रतानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि अपने कार्यकाल में भारत साधु समाज को ऊंचाइयों पर ले जाने का प्रयास करेंगे। बैठक में संगठनात्मक ढांचे को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से कई लिए गए निर्णयों का अक्षरस पालन किया जायेगा।बैठक में महामंडलेश्वर स्वामी विवेकानंद सरस्वती, महामंडलेश्वर स्वामी प्रेमानंद जी महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी श्याम प्रकाश, महामंडलेश्वर स्वामी दिव्यानंद गिरी, स्वामी अमृतानंद, स्वामी राजकुमार दास, स्वामी प्रकाशानंद, महाराज, राजाराम, स्वामी विनोद गिरी, स्वामी विरेन्द्र गिरी, मोतीराम गिरी, स्वामी कैलाशानंद गिरी, शुभम गिरी, डा. विशाल गर्ग सहित अनेक संत एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक का संचालन राष्ट्रीय प्रवक्ता महामंडलेश्वर विवेकानंद सरस्वती ने किया।



# तस्कर से दो किलो गांजा बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** ज्वालापुर कोतवाली पुलिस ने गांजे समेत एक तस्कर को गिरफ्तार कर आरोपी के कब्जे से दो किलो गांजा बरामद हुआ है। मादक पदार्थो की तस्करी करने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत अलग-अलग टीमों का गठन किया गया है। मंगलवार को लाल पुल से आगे नहर पटरी के पास चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने मोहित उर्फ काला पुत्र ब्रह्मपाल निवासी पीर वाली गली आर्य नगर ज्वालापुर को गांजे समेत दबोच लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एन.डी.पी.एस एक्ट के तहत मुकद्मा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस टीम में एस.आई बारू सिंह चौहान, कांस्टेबल रवि कुमार व सतवीर सिंह शामिल रहे।



हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें :
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
डी. एस. वर्मा
प्रभारी हरिद्वार/ब्यूरो चीफ
मो.: 9411100741

